an>

Title: Need to establish a postal division in Chaibasa in West Singhbhum district, Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : मेरे संसदीय क्षेत्र सिंहभूम प्रमंडल में डाकघरों की संख्या आवश्यकता के अनुपात में काफी कम है जिसके कारण कोल्हान प्रमंडल में रहने वाले लोगों को विशेषकर जनजाति के लोगों को डाक सेवाओं संबंधी कार्यों में कई परेशानियां हो रही हैं। कोल्हान प्रमंडल के अंतर्गत केवल जमशेदपुर डाक डिवीजन है जो मेरे संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले तीन जिलों पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम एवं सराईकेला-खरसवा में डाक संबंधी कार्य को संचालित करता है। उपर्युक्त तीन जिलों के वृहत् क्षेत्र में एक मात्र जमशेदपुर डाक डिवीजन कार्यालय होने की वजह से डाक संबंधी कार्य बेहतर एवं सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रहे हैं क्योंकि इसके अधीन सैंकड़ों उप-डाकघर एवं शाखा-डाकघर संचालित हैं।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि डाक संबंधी सेवाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु कोल्हान प्रमंडल में स्थित एकमात्र डाकघर डिवीजन को विभाजित कर चाईबासा, जिला पश्चिम सिंहभूम में एक अतिरिक्त डिवीजन स्थापित किया जाए जिससे डाक कार्य को उपरोक्त क्षेत्रों में तीव्रता एवं सुविधा मिलेगी, इसके साथ ही साथ डाक विभाग के कार्य में सुगमता आएगी जो लाखों ग्रामीणों को लाभान्वित करेगा।